हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 25 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

14 तप से ही मनुष्य को प्राप्त होती हैं सिद्धियां...



13 मातृत्व स्वास्थ्य और शिशु पोषण के लिए जागरूकता...





## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार**। प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये के मान से 16 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों में जीराबाई वर्मा पति कृपाराम वर्मा, निवासी ग्राम पासिद, तहसील भाटापारा, सुखदेव ध्रुव पिता विश्राम ध्रुव, निवासी ग्राम निपनिया, तहसील भाटापारा, सोभीत राम देवदास पिता रेखाराम देवदास, निवासी ग्राम अमलीडीह, तहसील भाटापारा एवं राजेश ध्रुव पिता मोतीराम ध्रुव, निवासी ग्राम टेहका, तहसील भाटापारा शामिल है। पीड़ितों के निकट परिजनों के शिवनाथ नदी, तालाब, डबरी के पानी में डूबने एवं अत्यधिक बारिश होने से घर के दीवाल गिरने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### 15 हितग्राहियों को दी गई श्रद्धांजलि योजना की राशि

**मुंडा**। ग्राम पंचायत सकरी में श्रद्धांजलि योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि वितरित की गई। गरीब परिवार के मुखिया की आकस्मिक निधन पश्चात उनके आश्रित या नॉमिनी को श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत 2000 का तात्कालिक लाभ दिया जाता है। जिसके तहत ललिता फेकर, सोनसाय वर्मा, कन्हैया साहू, कविता वर्मा, फिरतु यादव, देवकी साहू, परमेश्वरी, शंकर, ललित, कृष्णकुमार, मोहन, उर्मिला, भगवती, मनहरण, एवं हितेश को श्रद्धांजलि योजना का लाभ दिया गया। पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा ने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी जरूरतमंद परिवार संकट की घड़ी में अकेला न रहे। इसलिए सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। इस दौरान लाभार्थियों ने शासन की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस सहायता से उन्हें कठिन समय में कुछ सहारा शेष पेज 13 पर

**बजट : नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा**

# 2.17 करोड़ लाभ का बजट पेश नगर के समग्र विकास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा की बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए लाभ का बजट प्रस्तुत किया गया। बैठक में नगर के चहुंमुखी विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न निर्माण कार्यों एवं योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने परिषद के समक्ष बजट प्रस्तुत करते हुए विकास कार्यों को गति देने की बात कही।

प्रस्तुत बजट के अनुसार नगर पालिका की कुल अनुमानित आय 64 करोड़ 77 लाख 54 हजार रुपये तथा कुल व्यय 62 करोड़ 59 लाख 90 हजार निर्धारित किया गया है। इस प्रकार 2 करोड़ 17 लाख 64 हजार के लाभ का बजट रखा गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी द्वारा तैयार बजट की प्रति परिषद पटल पर रखी गई। बैठक के दौरान महिला सशक्तिकरण एवं महिला आरक्षण से जुड़े 131वें संविधान संशोधन विधेयक (नारी शक्ति वंदन 2023) पर भी चर्चा हुई। लोकसभा में विधेयक पारित नहीं होने पर परिषद ने महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व से वंचित किए जाने को लेकर विपक्ष के प्रति निंदा प्रस्ताव पारित किया।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले सहित अनेक पार्षद एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही नगर पालिका के उप-अभियंता रितेश स्थापक, लेखापाल दुर्गेश साहू, राजस्व प्रभारी प्रसून शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी बैठक में मौजूद रहे।

### महिला विधेयक पर निंदा प्रस्ताव पारित



### बस स्टैंड, बाजार और एसटीपी पर फोकस

बजट में नगर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। इसमें हाईटेक बस स्टैंड निर्माण हेतु 13 करोड़ रुपये, सब्जी बाजार निर्माण के लिए 3 करोड़ 40 लाख रुपये, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के लिए 5 करोड़ 22 लाख रुपये तथा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए 8 करोड़ रुपये का प्रावधान शामिल है। इसके अलावा उद्यान विकास के लिए 2 करोड़, स्वीपर कॉलोनी क्वार्टर निर्माण हेतु 1 करोड़ 18 लाख, पेयजल पाइपलाइन विस्तार के लिए 2 करोड़, स्ट्रीट लाइट विस्तार हेतु 1 करोड़ 50 लाख तथा वाहन एवं सामग्री क्रय के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपये प्रस्तावित किए गए हैं।

### कई परियोजनाओं के लिए करोड़ों का प्रावधान

#### स्थानीय मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

बैठक में वार्ड क्रमांक 17 के मुक्ति धाम उन्नयन, नल कनेक्शन के लिए रोड कटिंग शुल्क निर्धारण, भूमि एवं भवन नामांतरण, दुकान चबूतरा नामांतरण, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना तथा अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई।

#### तालाब, सड़क और चौक-चौराहों के लिए बजट तय

इसी तरह पुराने बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़, मुक्ति धाम उन्नयन कार्य हेतु 1 करोड़, चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण के लिए 2 करोड़, तालाबों के विकास के लिए 5 करोड़ तथा सड़कों के डामरीकरण एवं सीसी रोड निर्माण हेतु 5 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। विभिन्न वार्डों में नाली एवं पुल-पुलिया निर्माण के लिए भी राशि का प्रावधान किया गया है।

# गांजा-शराब के अवैध बिक्री रोकने व्यापारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्राम मोहरा में बढ़ती अवैध गांजा एवं शराब की बिक्री को लेकर स्थानीय व्यापारी संघ अब खुलकर सामने आ गया है। गांव के व्यापारियों ने एकजुट होकर इस गंभीर समस्या के खिलाफ आवाज उठाई और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। व्यापारी में हस्ताक्षर अभियान चला कर एक जुटता का संदेश देते हुएगांव एवं आसपास के क्षेत्रों में हो रही अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगनी चाहिए, क्योंकि इससे सामाजिक वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। व्यापारियों ने कहा कि खुलेआम गांजा एवं अवैध शराब की बिक्री से युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है, जिससे अपराध की घटनाओं में भी वृद्धि की आशंका बनी रहती है। इस स्थिति को देखते हुए व्यापारी संघ ने ग्राम पंचायत सरपंच से लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग करने का निर्णय लिया है।व्यापारियों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो भविष्य में स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापारी समाज गांव के हित में हमेशा आगे रहा है और अब सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी मजबूती से खड़ा रहेगा।

### अवैध गतिविधियों पर रोक के लिए व्यापारी सक्रिय

तय किया गया कि जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल बनाकर संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों—जैसे थाना प्रभारी एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही गांव के नागरिकों से भी अपील की गई कि वे इस मुहिम में सहयोग करें और अवैध गतिविधियों की जानकारी प्रशासन तक पहुंचाएं। व्यापारी संघ के इस कदम को गांव के आम नागरिकों का भी समर्थन मिल रहा है। लोगों का मानना है कि यदि समय पर ठोस कदम उठाए गए, तो गांव में शांति एवं सुरक्षित वातावरण कायम रखा जा सकता है। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध नशे के कारोबार को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा समय-समय पर अभियान चलाए जाते रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कुछ स्थानों पर यह समस्या बनी रहती है।

# ढाबे में अवैध शराब बेचते संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

■ समाधान सेल की सूचना पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

समाधान सेल को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर सिमगा पुलिस ने अपना ढाबा दरचुरा में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है।

23 अप्रैल को समाधान सेल के हेल्पलाइन नंबर पर सूचना मिली कि दरचुरा स्थित अपना ढाबा में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना की तस्दीक करते हुए थाना सिमगा की पुलिस टीम ने तत्काल ढाबे पर रेड मारी। जहां आजाद चौक निवासी 26 वर्षीय अरबाज बेग ढाबा संचालक को रंगे हाथों शेष पेज 13 पर



### हजारों की शराब और नकदी बरामद

पुलिस की इस कार्रवाई में आरोपी ढाबा संचालक (शराब कोचिया) के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई है, जिसमें 198 पौवा अंग्रेजी एवं देशी मसाला, जिसकी कीमत लगभग 20,400 रुपये आंकी गई। वहीं बिक्री रकम 1,200 रुपये जब्त किया गया।




# कॉलेज छात्रा की पेड़ पर लटकी मिली लाश, हत्या का अंदेशा

**भैंसा**। ग्राम भैंसा में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक दिन से लापता युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटका हुआ मिला। मृतिका की पहचान स्वेता वर्मा उम्र लगभग 20-22 वर्ष, पिता स्व. चरण वर्मा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची।



जानकारी अनुसार ग्राम भैंसा की युवती स्वेता वर्मा पिता स्व.चरण वर्मा गुरुवार को पेपर दिलाने के लिए पलारी कॉलेज गयी थी, जो शाम को घर नहीं पहुंची। खोजबीन करने के बाद शुक्रवार सुबह खपरी खार के एक खेत में पेड़ पर फंदे से लटका शव बरामद किया गया। खबर लिखें जाने तक क्राइम ब्रांच की टीम ने शव की सिनाख्त की पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उपयुक्त जानकारी के आधार पर किसी भी तरह की घटना का अंदेशा नहीं लगाया जा सकता, यह पूर्ण जांच के बाद ही साफ हो पायेगा की यह आत्म हत्या है या सोची समझी साजिश के तहत हत्या।

# एसपी भावना गुप्ता मातृत्व अवकाश पर, शर्मा को चार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले की पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता चार माह के मातृत्व अवकाश पर चली गई हैं। राज्य शासन गृह पुलिस विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार उन्हें 20 अप्रैल से 14 अगस्त तक कुल 117 दिनों का अवकाश स्वीकृत किया गया है।

आदेश में उल्लेखित है कि अवकाश अवधि के दौरान उनके पद का प्रभार ओमप्रकाश शर्मा को सौंपा गया है। श्री शर्मा वर्तमान में सेनानी, 4वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल माना रायपुर में पदस्थ हैं और अपने मूल दायित्वों के साथ-साथ बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के पुलिस अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे।



ओमप्रकाश शर्मा को मिला अतिरिक्त प्रभार

गृह विभाग के निर्देशानुसार अवकाश अवधि में एसपी भावना गुप्ता को नियमानुसार वेतन एवं अन्य भत्तों का लाभ मिलता रहेगा। साथ ही अवकाश समाप्ति के बाद वे पुनः अपने पद पर कार्यभार ग्रहण करेंगी।इस प्रशासनिक व्यवस्था से जिले की कानून-व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहेगी।



**खबर संक्षेप**

## राज्यपाल के निर्देश पर विशेष जांच शिविर



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड अंतर्गत ग्राम धनेशपुर में दिव्यांग बच्चों की अधिक संख्या को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त रूप से विशेष जांच शिविर करने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने कहा है कि दोनों विभाग आपसी समन्वय से ग्राम धनेशपुर में विशेष शिविर आयोजित करें, जहां दिव्यांग बच्चों की स्वास्थ्य जांच, आवश्यक परीक्षण तथा उनकी स्थिति का आकलन किया जाए। साथ ही दिव्यांगता के संभावित कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत सर्वे एवं चिकित्सकीय अध्ययन भी कराया जाए। निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम गांव पहुंचकर घर-घर सर्वे करेगी तथा पात्र बच्चों और नागरिकों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं दिव्यांग कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी सुनिश्चित करेगी। शिविर के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को सहायक उपकरणों का वितरण भी किया जाएगा, ताकि उन्हें दैनिक जीवन, शिक्षा और आवागमन में सुविधा मिल सके। राज्यपाल ने अधिकारियों से कहा है कि प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा बच्चों के बेहतर उपचार, पुनर्वास और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए।

## सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं : जकांछ

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के प्रकरण में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। पार्टीजनों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट द्वारा अमित जोगी के विरुद्ध दिए निर्णय पर रोक (स्टे) लगा दी है। यह निर्णय न केवल न्यायपालिका में विश्वास को और मजबूत करता है, बल्कि यह भी सिद्ध करता है कि सत्य को अस्थायी रूप से परेशान किया जा सकता है, परंतु उसे पराजित नहीं किया जा सकता। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ ने इस न्यायपूर्ण निर्णय के लिए सुप्रीम कोर्ट का आभार जताया है। पार्टी का मानना है कि यह सत्य और न्याय की विजय है।

## रसायन विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट



**रायपुर।** शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज में 23 अप्रैल को रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) के विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन अलीशान ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा "क्वालिटी इंजीनियर" पद के लिए किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रसायन विभागाध्यक्ष डॉ. गोवर्धन व्यास के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इंटरव्यू केवल चयन की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह आत्मविश्वास, तैयारी और व्यक्तित्व की वास्तविक परीक्षा है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को कंपनी की कार्यप्रणाली, अवसरों और जॉब प्रोफाइल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इंटरव्यू पैनल में एजीएम ज्ञानेंद्र मोहन खरे, अनुसंधान एवं विकास विभाग से डॉ. नागेंद्र बाकू तथा प्लांट एचआर मैनेजरतरुण वर्मा उपस्थित रहे।

## सांसद बृजमोहन से नागरिकों ने की मुलाकात

**रायपुर।** रायपुर में लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल से गुरुवार को 1बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और मांगें उनके सामने रखीं। सांसद ने सभी नागरिकों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित मामलों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। अपने निवास पर हुई इस जनसुनवाई में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि जनता ने उन्हें हमेशा प्यार और विश्वास दिया है, ऐसे में उनके सुख-दुख में साथ खड़े रहना उनका कर्तव्य भी है और सौभाग्य भी।

# 9 लाख किसानों का फार्मर आईडी नहीं, खाद मिलने में होगी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खास खबर**

खाद्य वितरण के लिए फार्मर आईडी की अनिवार्यता से छत्तीसगढ़ के 9 लाख से अधिक किसानों को न सिर्फ यूरिया डीएपी एनपीके और पोटाश जैसी खाद मिलने में दिक्कत होगी, बल्कि विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ और सब्सिडी से भी किसान वंचित होंगे। छत्तीसगढ़ की विभिन्न सहकारी समिति में कुल 40 लाख 89 हजार 908 किसान पंजीकृत हैं। फार्मर आईडी बनाने के लिए एग्री स्टेक परियोजना में अब तक मात्र 31 लाख 68 हजार 555 किसानों का सत्यापन हुआ है, इस प्रकार से लगभग 21 प्रतिशत किसान पंजीयन से वंचित हैं। सरकार छत्तीसगढ़ के इन 9 लाख 21 हजार 353 किसानों को खाद नहीं मिल पाएगी।

खाद वितरण की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने शासन ने बड़ा कदम उठाते हुए फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी है। जिन किसानों की फॉर्मर आईडी होगी, उन्हें ही समितियों से यूरिया समेत अन्य खाद मिल सकेगी। नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य सही किसानों तक सही मात्रा में खाद पहुंचाना है, ताकि अनियमित वितरण और कालाबाजारी को रोका जा सके। यह व्यवस्था 2026-27 के खरीफ सीजन से लागू होगी।

### नई व्यवस्था के तहत खाद वितरण होगा डिजिटल सिस्टम से

#### खाद का वितरण जमीन और फसल के हिसाब से

उल्लेखनीय है कि पिछले खरीफ सीजन के लिए एग्रीस्टेक को अनिवार्य किया गया था, इसी तरह आगामी सीजन के लिए खाद वितरण में फॉर्मर आईडी को अनिवार्य किया गया है। अब यूरिया समेत दूसरी खाद खरीदने के लिए किसानों के पास फार्मर आईडी होना जरूरी है। नई व्यवस्था के तहत खाद वितरण प्रक्रिया को डिजिटल सिस्टम के जरिए पूरा किया जाएगा। इसमें किसान को उसकी जमीन और फसल के आधार पर तय मात्रा में खाद ही दी जाएगी। खाद का वितरण किसान की जमीन और फसल के हिसाब से तय किया जाएगा।



#### फॉर्मर आईडी बनाने दस्तावेज होंगे जरूरी

किसानों को बैंक ऋण, सब्सिडी और अन्य योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से मिल सकेगा। फॉर्मर आईडी के लिए पंजीयन कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। फॉर्मर आईडी बनाने के लिए आधार कार्ड, जमीन से जुड़े डॉक्यूमेंट, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर जैसे जरूरी दस्तावेज देने होंगे।

#### रजिस्ट्रेशन नहीं तो खाद और योजनाओं का नहीं मिलेगा लाभ

राज्स सरकार ने इस संबंध में स्पष्ट किया है कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगी, उन्हें न सिर्फ यूरिया और डीएपी मिलने में दिक्कत होगी, बल्कि कई सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पाएगा। फॉर्मर आईडी के बिना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ, बीज, कीटनाशक और कृषि यंत्रों पर सब्सिडी, सहकारी समितियां से खाद वितरण और सरकारी खरीद केंद्रों पर फसल की खरीद का लाभ भी किसान नहीं ले पाएंगे। सभी सुविधाओं के लिए अब फार्मर आईडी जरूरी कर दी गई है।


# कहीं टंकी-पाइप लाइन के कार्य अधूरे तो कहीं पूर्ण होने के बाद भी सप्लाई शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

हर घर नल कनेक्शन के माध्यम से जल पहुंचाने का लक्ष्य लेकर जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत रायपुर जिले के 477 ग्रामों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग (पीएचई) के माध्यम से कार्य किए जा रहे हैं। इस लक्ष्य के तहत लगभग तीन सौ ग्रामों में कार्य पूर्ण भी हो गए हैं, जहां पानी टंकी, पाइप लाइन बिछाने से लेकर घरों में नल कनेक्शन तक लग चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी इनमें से दर्जनों गांव में पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। इसकी वजह कहीं बोर सूख चुके हैं, तो कहीं जल स्तर नीचे चला गया है। इसके अलावा लगभग 177 ग्रामों में अभी तक कार्य अधूरे पड़े हुए हैं। इनमें भी कहीं टंकी, कहीं पाइप लाइन एवं कनेक्शन के कार्य नहीं हुए हैं, तो कहीं मोटर पंप लगा नहीं है। हरिभूमि ने गुरुवार को जिले के ऐसे कई ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्यों की पड़ताल की। इस पड़ताल में खुलासा हुआ है कि जल जीवन मिशन का कार्य सिर्फ मिशन के रूप में चल रहा है, जबकि इस योजना से जल गायब है। यही कारण है कि कई वर्षों पहले योजना का कार्य शुरू होने के बाद भी इस भीषण गर्मी में कई गांववासियों को जल की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

### जल जीवन मिशन से जल गायब मिशन जारी








**केस 1**

कविता हेमंत कश्यप जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि उसके ग्राम पंचायत में टंकी का निर्माण, पाइप लाइन बिछा दी गई है, लेकिन अभी तक टंकी से पाइप लाइन कनेक्शन जोड़ा नहीं है। उसने बताया कि गांव में पिछले 5 वर्ष से जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य चल रहा है। इस दौरान एक ठेकेदार काम छोड़कर भाग चुका हैं, वहीं दूसरा ठेकेदार को कार्य पूर्ण करने का ठेका दिया है।

**केस 2**

भीनू सुजीत घिदौड़े सदस्य जिला पंचायत रायपुर ने बताया कि उनके क्षेत्र में ग्राम छतौना मंदिर हसौद में जल जीवन मिशन के तहत कार्य तो किया गया है, लेकिन जल स्तर इतना नीचे चला गया हैं कि टंकी में पानी ही चढ़ नहीं पाता है। इसके कारण गांव में पानी टैंकर मंगाने पड़ते हैं।

**केस 3**

ग्राम बंजारी नवा रायपुर की सरपंच ने बताया कि उनके गांव में पानी टंकी, पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका हैं, लेकिन बोर सूखे डेढ़ से दो साल हो चुके है। उन्होंने बताया कि दूसरी बार नई जगह पर बोर कराया है। इसके लिए पाइन लाइन भी बिछाई गई, लेकिन जिस जगह पर नया बोर एवं पाइप लाइन बिछाई गई उसी जगह पर पीडब्ल्यूडी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके कारण पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इस वजह से पानी टंकी कनेक्शन से लोगों के घरों में अब तक पानी पहुंच नहीं पाया है।

**केस 4**

सेजबहार में पानी टंकी से लेकर पाइप लाइन बिछा दी गई है, लेकिन पानी का जल स्तर इतना डाउन है कि घरों में नल कनेक्शन के माध्यम पानी पहुंच नहीं पा रहा है। इसके कारण इस गांव में अभी भी पानी की समस्या बनी हुई है।

**केस 5**

खरोरा तहसील अंतर्गत ग्राम फरहदा के सरपंच संजय साहू ने बताया कि में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य हुआ है, लेकिन इसके माध्यम से लोगों को पानी बहुत कम मिल पा रहा है। इसके कारण प्राइवेट बोर कराकर पानी की समस्या को दूर किया जा रहा है।

# तीन माह के चावल वितरण में सारंगढ़-बिलाईगढ़ सबसे आगे, रायपुर 11वें नंबर पर

हरिभूमि न्यूज: रायपुर।

चावल उत्सव के तहत तीन माह का एक साथ चावल वितरण में सारंगढ़-बिलाईगढ़ सबसे आगे है। इस जिले में कुल 69.52 प्रतिशत चावल का वितरण हो चुका है। दूसरे नंबर पर बलौदाबाजार 68.36 प्रतिशत तथा तीसरे नंबर पर बिलासपुर है, जहां 67.52 प्रतिशत वितरण हुआ है। रायपुर जिला वितरण में 11वें नंबर पर है। जिले में 60.62 प्रतिशत चावल वितरण हुआ है। सबसे कम सुकमा, बीजापुर, राजनांदगांव, कवर्धा, कांकेर एवं दंतेवाड़ा में हुआ है, जहां वितरण का प्रतिशत 40 प्रतिशत से भी कम है।

#### चुनौती साबित हो रहा तीन माह का चावल वितरण

शासन ने चावल उत्सव के रूप में जरूर हितग्राहियों को सुविधा देने के लिए तीन माह का चावल एक साथ वितरण करने का आदेश जारी किया है, लेकिन यह आदेश खाद्य, नागरिक एवं आपूर्ति विभाग के चुनौती साबित हो रहा है। तीन माह का चावल का स्टॉक राशन दुकानों में करने के लिए कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा है, जिसके कारण दुकानदारों से लेकर हितग्राहियों को भी परेशान होना पड़ रहा है। दुकानों में स्टॉक की कमी के कारण कई जिलों में वितरण धीमी गति से हो रहा है, वहीं कुछ जिलों में वितरण का प्रतिशत अच्छा भी है।



#### तीन माह का चावल वितरण का प्रतिशत जिलेवार

| जिला | प्रतिशत |
|---|---|
| सारंगढ़-बिलाईगढ़ | 69.52 |
| बलौदाबाजार | 68.36 |
| बिलासपुर | 67.52 |
| मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर | 67.19 |
| जांजगीर | 66.40 |
| मुंगेली | 65.86 |
| धमतरी | 65.81 |
| बालोद | 62.56 |
| सक्ती | 62.41 |
| नारायणपुर | 60.81 |
| रायपुर | 60.62 |
| रायगढ़ | 60.49 |
| दुर्ग | 56.95 |
| मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी | 56.50 |
| बलरामपुर | 56.41 |
| महासमुंद | 55.58 |
| बेमेतरा | 55.23 |
| गरियाबंद | 55.04 |
| कोरबा | 50.36 |
| खैरागढ़-छूईखदान-गंडई | 49.26 |
| सूरजपुर | 49.19 |
| गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 48.56 |
| कोंडागांव | 47.11 |
| बस्तर | 43.63 |
| सरगुजा | 42.47 |
| जशपुर | 40.93 |
| दंतेवाड़ा | 38.79 |
| कांकेर | 38.54 |
| कवर्धा | 37.98 |
| राजनांदगांव | 35.37 |
| बीजापुर | 34.23 |
| सुकमा | 30.46 |

# चैंबर ने मुख्य आयकर आयुक्त को सौंपे महत्वपूर्ण सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में गुरुवार को चैंबर प्रतिनिधिमंडल, केंद्रीय राजस्व भवन, सिविल लाइंस स्थित मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल हुआ।

इस अवसर पर चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष राधा किशन सुन्दरानी लोकसभा सांसद रूप कुमारी चौधरी के उपस्थिति में के. देवरत्न कुमार मुख्य आयकर आयुक्त एवं ऋतुपर्ण नामदेव अतिरिक्त आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के व्यापारिक संगठनों की ओर से आयकर प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने अहम सुझाव दिए। राधाकिशन सुन्दरानी ने बैठक में इस बात पर जोर दिया कि विभाग और करदाताओं के बीच प्रवर्तन से अधिक सुविधा की नीति अपनाई जानी चाहिए। व्यापारिक संगठनों के बीच नियमित संवाद के लिए एक तंत्र विकसित किया जाए और आरडीटीएसीकी बैठकों को त्रैमासिक आधार पर आयोजित किया जाए। इसी तरह नोटिस की जटिलता को कम करने और छोटे व मध्यम करदाताओं के लिए 'सिम्प्लीफाइड कम्प्लायंस फ्रेमवर्क' लागू करने की मांग की गई। चैंबर के प्रतिनिधि मंडल ने केवल रिस्क-आधारित स्क्रूटनी को ही प्राथमिकता देने का सुझाव दिया।

# सरकारी कर्मचारी भी राजनीतिक गतिविधियों में हो सकते हैं शामिल, रोक का आदेश वापस

**अपने ही आदेश पर 24 घंटे के भीतर यू-टर्न ले लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। छत्तीसगढ़ शासन ने सरकारी कर्मचारियों पर राजनीतिक और अन्य संगठनों में शामिल होने की रोक संबंधी आदेश को अब वापस ले लिया है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 21 अप्रैल को जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सरकारी कर्मचारी किसी भी राजनीतिक दल या संगठन की गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकेंगे। साथ ही अधिकारी की बिना अनुमति के किसी भी संस्था, समिति या संगठन में पद धारण करने पर भी रोक लगाई गई थी। आदेश के अनुसार, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियमों के तहत सभी शासकीय सेवकों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्पक्षता, ईमानदारी और निष्ठा के साथ करना अनिवार्य है। इसी के तहत उन्हें किसी भी राजनीतिक दल या संगठन का सक्रिय सदस्य बनने से प्रतिबंधित किया गया है।

#### सिर्फ 24 घंटे में रद्द हुआ आदेश

छत्तीसगढ़ शासन ने शासकीय कर्मचारियों के राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने को लेकर जारी अपने ही आदेश पर 24 घंटे के भीतर यू-टर्न ले लिया और आदेश को वापस ले लिया। नए आदेश में स्पष्ट किया गया कि 21 अप्रैल वाला निर्देश आगामी आदेश तक स्थगित रहेगा। उप सचिव अंशिका पांडेय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि 21 अप्रैल के आदेश के निर्देश फिलहाल प्रभावी नहीं रहेंगे, जिससे अब इन नियमों पर कार्रवाई पर भी अगले आदेश तक रोक लगा दी है।



#### फेडरेशन के विरोध के कारण वापस लेना पड़ा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया, कल इस आदेश का विरोध सचिव सामान्य प्रशासन विभाग एवं उप सचिव अंशिका पांडेय से व्हाट्सएप के माध्यम से किया था। भविष्य में इस आदेश का विरोध हर स्तर पर करने का लेख किया था। फेडरेशन के विरोध के चलते राज्य शासन को उक्त आदेश को वापस लेना पड़ा।

#### जीएडी के जिम्मेदार अधिकारी हटाए जाएं- नामदेव

राष्ट्रवादी संगठन भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने इस पूरे घटनाक्रम पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा, जब सिविल सेवा (आचरण) नियम पहले से स्पष्ट और प्रभावी हैं, तब नया आदेश जारी करने की आवश्यकता ही क्या थी। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि आदेश इतना ही त्रुटिपूर्ण था कि 24 घंटे के भीतर उसे निरस्त करना पड़ा, तो आखिर ऐसा आदेश जारी ही क्यों किया गया? यह पूरा मामला अब कई सवालों के घेरे में है।

#### आरएसएस के दबाव में आदेश पर रोक लगाई गई: कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार का बेहद आश्चर्यचकित करने वाला आदेश आया है, पहले सरकार ने 21 अप्रैल को आदेश निकाला था कि शासकीय कर्मचारियों को किसी भी राजनैतिक दल एवं सामाजिक संगठन में भाग लेने पर प्रतिबंध है। उसके बाद 22 अप्रैल को आदेश आया कि 21 अप्रैल का आदेश था, उसमें आगामी आदेश तक रोक लगायी जाती है। नये आदेश के बाद आज की तारीख में छत्तीसगढ़ में कोई भी कर्मचारी राजनैतिक दल का सदस्य बन सकता है, सामाजिक संगठन का सदस्य बन सकता है। आदेश से पता चलता है कि या तो सरकार अफीम खाकर चल रही या फिर अनाड़ी लोगों के दबाव में चल रही है। प्रदेश कांग्रेस ने कहा, सरकार ने 21 अप्रैल के आदेश को क्यों निकाला था, जबकि यह तो स्थापित नियम है शासकीय कर्मचारी अपनी सर्विस रूल के अनुसार किसी भी राजनीतिक एवं गैर राजनीतिक संगठन के कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो सकता।

### खरीफ सीजन के लिए बीज निगम ने जारी किया परिपत्र

# अनाज, दलहन-तिलहन के प्रमाणित बीजों की विक्रय दर निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा चालू खरीफ सीजन के लिए अनाज, दलहन एवं तिलहन फसलों के प्रमाणित एवं आधार बीजों के विक्रय दर निर्धारित कर दिए गए हैं। इस संबंध में राज्य स्तरीय बीज विक्रय दर निर्धारण समिति की बैठक में विभिन्न फसलों के बीजों की दरों को अनुमोदित किया गया।

राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार धान (मोटा एवं पतला), धान सुगंधित, कोदो-कुटकी, रागी, उड़द, मूंग, कुल्थी, सोयाबीन, मूंगफली, तिल, रामतिल, ज्वार तथा अरहर सहित प्रमुख फसलों के लिए अलग-अलग अवधि एवं किस्मों के आधार पर दरें तय की गई हैं। धान मोटा की दर 3,478 रुपये प्रति क्विंटल तथा धान पतला की दर 3,919 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित की गयी है। वहीं तिल के बीजों की कीमत 20,539 रुपये प्रति क्विंटल तक रखी गई है, जो उच्च श्रेणी में शामिल है।

### इस प्रकार होंगी दरें



*इसी प्रकार सभी किस्मों के सुगंधित धान कृषकों के लिए 4803 रुपए प्रति क्विंटल तथा सहकारी समितियों के लिए 4611 रुपए निर्धारित की गई है। कोदो-कुटकी की दरें कृषकों के लिए 7245 तथा समितियों के लिए 6995 रुपए, रागी किस्मों के लिए 7229 रुपए तथा समितियों के लिए 6940 रुपए, उड़द 5 वर्ष के अंदर के किस्में किसानों के लिए 14351 तथा समिति के लिए 13777 रुपए, उड़द 10 वर्ष के अंदर के किस्मे किसानों के लिए 1407 तथा समिति के लिए 13777 रुपए, उड़द 10 वर्ष के ऊपर के किस्मे 14351 तथा समिति के लिए 13777 रुपए प्रति क्विंटल की दर तय की गई है।*

*सोयाबीन किसानों के लिए 9573 तथा समिति के लिए 9190 रुपए, सोयाबिन 10 वर्ष के ऊपर के किस्मे किसानों के लिए 9805 तथा समिति के लिए 13413 रूपए निर्धारित की गई है। मूंगफली 10 वर्ष के अंदर के किस्मे किसानों के लिए 11816 तथा समिति के लिए 11343 रुपए, मूंगफली 10 वर्ष के ऊपर के किस्मे किसानों के लिए 11816 तथा समिति के लिए 11343 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। इसी तरह अरहर 10 वर्ष के अंदर के किस्मे किसानों के लिए 11369 तथा समिति के लिए 10914 रुपए, अरहर 10 वर्ष के ऊपर के किस्मे किसानों के लिए 13220 तथा समिति के लिए 12651 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। वहीं रामतिल की समस्त किस्में किसानों के लिए 12846 रुपए तथा समितियों के लिए 12332 रुपए तथा ढेंचा के सभी किस्में किसानों के लिए 22057 तथा समितियों के लिए 21175 रुपए प्रति क्विंटल तय की गई है।*

#### निर्धारित दरों पर किसानों को वितरण

बीज निगम के अनुसार सहकारी समितियों को देयक जारी करते समय निर्धारित दरों पर 4 प्रतिशत कमीशन की कटौती की जाएगी। साथ ही आधार बीजों की विक्रय दर, प्रमाणित बीजों की दर से 100 रुपये प्रति क्विंटल अधिक होगी। परिपत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भारत सरकार एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उत्पादन एवं वितरण अनुदान को समायोजित करते हुए बीजों की अंतिम विक्रय दर तय की गई है। खरीफ के लिए किसानों को बीज वितरण निर्धारित दरों के अनुसार किया जाएगा।

#### निगम द्वारा उत्पादित बीजों पर अनुदान

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन तथा अन्य केंद्रीय योजनाओं के तहत बीज वितरण में नियमानुसार अनुदान की राशि जोड़कर अथवा घटाकर दरें लागू की जाएंगी। उत्पादन अनुदान केवल निगम द्वारा उत्पादित बीजों पर ही देय होगा। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को देय भुगतान नियमानुसार कमीशन राशि घटाकर किया जाएगा। इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों एवं संस्थाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर होंगे राज्य स्तरीय कार्यक्रम

**रायपुर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस 8 मई के अवसर पर छत्तीसगढ़ में राज्य स्तरीय विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में रेडक्रॉस राज्य शाखा रायपुर के चेयरमैन तोमन साहू की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस भवन में बैठक रखी गई, जिसमें विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर सूची जारी की गई। निर्धारित कार्यक्रमों के तहत समूह नृत्य, प्रहसन एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें प्रदेशभर के रेडक्रॉस वालिंटियर्स भाग लेंगे। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। बैठक में रेडक्रॉस गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु जन-जागरूकता अभियान, प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) प्रशिक्षण का विस्तार तथा विशेष अवसरों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है। साथ ही रक्तदान शिविरों को वृहद स्तर पर आयोजित कर जरूरतमंदों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। जूनियर रेडक्रॉस एवं यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से विद्यार्थियों को मानवीय सेवा से जोड़ने और उनमें सेवा भाव विकसित करने पर भी बल दिया गया।

# गिधौरी मार्ग निर्माण पर सरकार की वादाखिलाफी, 45 दिन का आश्वासन और बीत गए चार महीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

क्षेत्र की जीवनरेखा मानी जाने वाली गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की जर्जर हालत और प्रशासन की सुस्ती ने स्थानीय ग्रामीणों और व्यापारियों के सब्र का बांध तोड़ दिया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा लिखित आश्वासन दिए जाने के चार महीने बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बीते दिनों खराब सड़क को लेकर हुए चक्काजाम आंदोलन के दौरान पीडब्ल्यूडी के एसडीओ प्रबोध गुप्ता, पामगढ़ एसडीओ और गिरौदपुरी एसडीएम ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराया था। उस समय अधिकारियों ने 45 दिनों के भीतर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने का लिखित वादा किया था। लेकिन आज चार महीने बीत जाने के बाद भी जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग और ठेकेदार की घोर लापरवाही के कारण उन्हें जानलेवा गड्ढों के बीच सफर करना पड़ रहा है।

## गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की बदहाली पर फूटा आक्रोश

### 79 लाख की स्वीकृति फिर भी काम अटका

गौरतलब है कि बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे के प्रयासों से गिधौरी चौक से शिवरीनारायण महानदी पुल तक लगभग 300 मीटर सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण के लिए 79.44 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक की सक्रियता से बजट तो मिल गया, लेकिन विभागीय लेटलतीफी ने प्रोजेक्ट को अधर में लटका दिया है।



### जनप्रतिनिधियों ने दी चेतावनी

गिधौरी के जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि जल्द ही निविदा जारी कर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो वे एक बार फिर उग्र आंदोलन और चक्काजाम के लिए विवश होंगे।

### कार्य की स्वीकृति मिली

कार्य की स्वीकृति मिल चुकी है। टेंडर के लिए शेड्यूल भेजा गया है। उम्मीद है कि अगले 15 से 20 दिनों के भीतर प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

-प्रबोध कुमार गुप्त,
एसडीओ पीडब्ल्यूडी
कसडोल

### आगामी मानसून और जानलेवा गड्ढे

सड़क की हालत इतनी दयनीय है कि डामर की परतें पूरी तरह उखड़ चुकी हैं। धूल और कीचड़ के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि दो महीने बाद बरसात शुरू हो जाएगी, जिससे स्थिति और भी भयावह हो जाएगी। सड़क पर लगने वाले लंबे जाम से व्यापारियों और राहगीरों का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। शिवरीनारायण मेले के दौरान भी शबरी सेतु पर धूल की मोटी परत जमी रही, जिससे विभाग की उदासीनता साफ झलकी।

## खबर संक्षेप

### धनसुली में भागवत कथा 7 मई से

**बंगोली।** ग्राम धनसुली में 7 से 14 मई तक श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया जायेगा।



कथा वाचिका पूज्या देवी प्रज्ञा होंगे। कथा आयोजक मुख्य यजमान गणेशिया बाई निर्मलकर, मंगसा राम निर्मलकर-सरपंच धनसुली, केंवरा बाई निर्मलकर तथा समस्त ग्रामवासी धनसुली होंगे।

### भगवतीचरण शुक्ल वार्ड में विकास कार्यों का भूमिपूजन



**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा के पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड में दक्षिण विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे और एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी ने 7 विभिन्न स्थानों पर 32 लाख के नए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे वार्ड वासियों को नए विकास कार्य वार्ड में प्रारंभ होने पर बधाई दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नए विकास कार्य तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा कराना सुनिश्चित करें। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने जोन 4 के अधिकारियों से कहा कि गर्मी की तपिश को देखते हुए नए सीसी रोड निर्माण के बाद उसमें तराई का कार्य करवाना सुनिश्चित करें, ताकि नई सीसी रोड को किसी तरह की क्षति न पहुंचे। वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी ने 32 लाख की लागत से नाली निर्माण, सीसी रोड , सामुदायिक भवन सहित अन्य कार्य प्रारंभ करने पर वार्डवासियों की ओर से दक्षिण विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे सहित जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा को धन्यवाद दिया। इस मौके पर रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश जैन, पल्लवी पांडे, गायत्री देवांगन, जोन 4 कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, पेंशनबाड़ा कालोनी के रहवासी उपस्थित रहे।

Satya TRUCKING PVT. LTD.
आवश्यकता है
बिजनेस एक्जीक्यूटीव
योग्यता - ग्रेजुएशन,
स्थान- रायपुर (1 पद), नारायणपुर (1 पद), डोंगरगढ़ (1 पद), दल्ली राजहरा (1पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
रिटेल फायनेंस मैनेजर
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
कस्टमर केयर मैनेजर
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
इलेक्ट्रीशियन+मैकेनिक
योग्यता - आईटीआई/डिप्लोमा
स्थान: रायपुर - 15 पद, राजनांदगांव-4 पद
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं।
अपना अपडेटेड रेज्यूम भेजें
noman.sinha@teamsatya.in
या कॉल करें
7748900111, 9098750248
जी.ई. रोड, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.)

## कलेक्टर ने बैठक में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार पर दिया जोर

# संयंत्रों में दुर्घटना रोकने होगी सेफ्टी ड्रिल, कमियों को करना होगा दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिले के विभिन्न संयंत्रों के यूनिट हेड एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने सी एस आर मद के तहत प्रत्येक संयन्त्र को जिला को मिलने वाली राशि, कार्य एवं आगामी कार्य योजना पर विस्तृत समीक्षा करते हुए जरुरी निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने सीमेंट एवं अन्य संयंत्रों में दुर्घटना के कारण जनहानि को गंभीरता से लेते हुए इस पर रोक एवं दुर्घटना में कमी लाने सभी संयंत्रों में आगामी 1 मई तक सेफ्टी ड्रिल पूरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सेफ्टी ड्रिल में उन कमियों को दूर करें जिससे दुर्घटना होने की आशंका हो। इसके साथ ही सुरक्षा उपाय के सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर ने सभी संयंत्र परिसर के 3 से 5 किमी की परिधि को साफ एवं स्वच्छ रखने, हरियालीयुक्त बनाने पर भी जोर दिया।

कलेक्टर ने संयंत्रों में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराने 'हम होंगे कामयाब' के तहत आवश्यक कार्ययोजना बनाने नोडल अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि वेब पोर्टल डेवलप किया जाय, जिसमें जिला प्रशासन के साथ संयंत्र अपने आवश्यकता के अनुसार इसमें जानकारी अपडेट कर सकें एवं युवा इस पोर्टल से अपनी योग्यता अनुसार प्रशिक्षण, रोजगार के लिये आवेदन कर सकें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष लगभग 2 हजार युवाओं का प्रशिक्षण व रोजगार के लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने जेईई एवं नीट की कोचिंग सुविधा के लिये प्रथम चरण में 40 बच्चों का चयन कर शुरू करने कहा।

## नवीन सहकारी समितियों को कलेक्टर ने सौंपा पंजीयन प्रमाण पत्र





### नवीन सहकारी समिति पनगांव का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर ने किसानों से की चर्चा

बलौदाबाजार। कलेक्टर कुलदीप शर्मा गुरुवार को विकासखंड के विभिन्न ग्रामों के दौरा अंतर्गत नवीन प्राथमिक सहकारी समिति पनगांव पहुंचे। उन्होंने नवीन सहकारी समिति बनने पर प्रभारी प्रबंधक को पंजीयन प्रमाण पत्र सौंपा। कलेक्टर ने उपस्थित कर्मचारियों से समिति अंतर्गत आने वाले किसानों की संख्या, पूर्व समिति से शिफ्टिंग आदि की जानकारी ली। उन्होंने समिति अंतर्गत सभी किसानों का नवीन किसान क्रेडिट कार्ड बनाने, माइक्रो एटीएम की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि नवीन समिति बनने पर अब ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ेगा। यहां माइक्रो एटीएम की सुविधा जल्द मिलेगी, जिससे 20 हजार रुपए तक नकद राशि निकाल सकेंगी। यहीं से खाद -बीज का उठाव भी कर सकेंगे। उन्होंने किसानों को शासन की शून्य प्रतिशत ब्याज का लाभ लेने केसीसी बनवाने कहा। किसानों ने बताया कि पहले यह गांव बिटकुली समिति के अंतर्गत आता था जिससे खाद -बीज व ऋण के लिये वहां जाना पड़ता था। अब यहां नवीन समिति बनने से यहां सुविधा मिलेगी। बताया गया कि बिटकुली समिति से पनगांव समिति अंतर्गत किसानों का शिफ्टिंग किया जा रहा है। समिति अंतर्गत लगभग 347 किसानो का खाता यहां ट्रांसफर करना है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, एसडीएम प्रकाश कोरी, तहसीलदार पेखन टोंड्रे, जिला नोडल अधिकारी जी.एन.साहू साहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# बिलाईगढ़ को मिला दमकल वाहन, जनता में उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

नगर पंचायत बिलाईगढ़ और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। वर्षों से लंबित मांग को पूरा करते हुए प्रशासन ने नगर को अत्याधुनिक अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराया है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और संतोष का माहौल है। इस महत्वपूर्ण पहल के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे से मुलाकात कर उनका आभार जताया। कलेक्टर की त्वरित और संवेदनशील कार्यशैली की सभी ने सराहना की।

- नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने फूल-मालाओं के साथ किया स्वागत

जैसे ही दमकल वाहन नगर की सीमा में पहुंचा, नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने फूल-मालाओं के साथ उसका जोरदार स्वागत किया। लोगों का कहना है कि यह वाहन अब आपात स्थितियों में "सुरक्षा कवच" के रूप में काम करेगा और आगजनी की घटनाओं में त्वरित राहत पहुंचाएगा।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राधा राकेश, जिला मंत्री रामनारायण देवांगन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अनूप टीकाराम जायसवाल सहित कई पार्षद और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

पूर्व में फायर स्टेशन दूर होने के कारण आग लगने की घटनाओं में राहत पहुंचने में देरी होती थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ सुशील कुमार चौधरी ने 9 अप्रैल को प्रस्ताव भेजा था। कलेक्टर ने इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए अल्प समय में वाहन उपलब्ध करा दिया।

पूरी प्रक्रिया को डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू के नेतृत्व में तेज गति से पूरी की गई, जिससे बिना किसी विलंब के यह सुविधा जनता तक पहुंच सकी।उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के सुशासन मॉडल की सराहना करते हुए प्रशासन और सभी संबंधित अधिकारियों को धन्यवाद दिया। इस उपलब्धि के साथ बिलाईगढ़ अब आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक कदम और मजबूत हुआ है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हर माह हो रहा 15-16 प्रसव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने नगर पंचायत भटगांव में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मरीजों की सुविधा में कमी सहित प्रसूति वार्ड और दवाओं की आवश्यकता की जानकारी ली, साथ ही साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की विस्तार को भी लेकर जायजा लिया। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर, नर्स सहित स्टॉप की कमी और स्टाफ क्वार्टर की आवश्यकता पर उन्होंने मीडिया को बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की विस्तार को लेकर, डीएमएफ फंड से 25 लाख की स्वीकृति दी है। जल्द ही टेंडर के बाद कार्य शुरू किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि स्टाफ, नर्स की कमी नवीन जिला होने के कारण हो रही है, एनएचएम भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जल्द ही नर्स की समस्या भी समाप्त हो जायेगा।

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर कन्नौजे

उन्होंने ये भी बताया कि भटगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हर माह लगभग 15 से 16 प्रसूति महिलाओं की जचकी की जा रही है। लिहाजा आगे स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार सुविधा मुहैया कराया जायेगा। निरीक्षण के दौरान डी एम के साथ जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एफ आर निराला सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के तमाम अधिकारी कर्मचारी मौके पर मौजूद था।

# भवन निर्माता कंपनी के खिलाफ पुलिस आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** भवन निर्माण कंपनी के प्रोपराइटर द्वारा रायपुर के कई लोगों के साथ धोखाधड़ी किए जाने को लेकर पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर निगम के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा है कि सोलंकी परिवार कुछ वर्ष पूर्व ही होशंगाबाद से यहां रायपुर आया है, अपनी राजनीतिक पहुंच बताने के चलते मध्यवर्गीय परिवार के करोड़ों रुपए डकारकर लोगों को जवाब नहीं दे रहे हैं। कुछ नेताओं के साथ फोटो खिंचवाकर तथा पैसे देकर अवार्ड मंत्रियों से प्राप्त करना इनकी आदत में शुमार है। ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग प्रमोद दुबे ने की है, ताकि शहर के और लोगों को चूना न लगाया जा सके।



निगम के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे के साथ गुरुवार को रायपुर शहर के दो दर्जन से ज्यादा रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी तथा अलग-अलग विभाग में कार्यरत विमल शर्मा, तिलकराम पटेल, सुरेश कुमार बिसेन, अंकित गुप्ता, हेमंत पुजारा, राजेश पांडे सहित एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने पुलिस आयुक्त डॉ. संजीव शुक्ला को ज्ञापन सौंपकर बताया कि भवन निर्माता कंपनी द्वारा हितग्राहियों के प्लाट पर मकान बनाने का ठेका लिया गया तथा मकान मालिकों से 92 लाख, 39 लाख 28 हजार, 61 लाख, 24 लाख 22 हजार, 24 लाख 50 हजार, 36 लाख 14 हजार की बड़ी राशि लेकर किसी का 40% किसी का 60% मकान का ढांचा खड़ा कर अधूरा काम छोड़कर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी कर मकान के काम को रोक दिया गया है।

# मातृत्व स्वास्थ्य और शिशु पोषण के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन




अल्ट्राटेक सीएसआर हिरमी द्वारा ग्राम भिलौनी में मातृत्व स्वास्थ्य एवं शिशु पोषण को बढ़ावा देने हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को उनके स्वास्थ्य, संतुलित आहार एवं शिशु के समुचित पोषण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग से ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता भूपेन्द्र श्रीवास द्वारा गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियों, नियमित जांच, टीकाकरण तथा पौष्टिक आहार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, नवजात शिशुओं के लिए स्तनपान के महत्व एवं पूरक आहार की सही समय पर शुरुआत के बारे में भी बताया गया।इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को संतुलित आहार की जानकारी देते हुए हरी सब्जियां, फल, दाल, दूध एवं आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता एवं सुरक्षित मातृत्व पर भी विशेष जोर दिया गया। अल्ट्राटेक सीएसआर से रामनिहोर साहू ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है। इस दौरान 18 गर्भवती व शिशुवती महिलाओं को मच्छरदानी एवं 25 किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी नेपकिन का भी वितरण किया गया । कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भिलौनी के सरपंच लेखराम यदु, पंचगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुसूइया, मितानिन कमलेश वर्मा, विजन बघेल व महिलाओं ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना की। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक सीएसआर से प्रीतम पटेल, हेमलाल साहू की विशेष रूप से सहभागिता रही ।

# सीखना सिखाना केंद्र में बच्चों ने बिखेरा प्रतिभा का जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

सीखना सीखना केंद्र में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य प्रतिनिधि नीलकमल साहू, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् कृष्णा कुमार वर्मा एवं ग्राम पंचायत दतान प की पंच सोमलता धीवर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिससे वातावरण आनंदमय हो उठा। सीखना सिखाना केंद्र में बच्चों को खेल के माध्यम से हिंदी, गणित तथा अंग्रेजी विषय को बच्चों से जोड़ने का प्रयास किया गया। वहीं इसके साथ बच्चों को कला के क्षेत्र में आगे लाने के लिए अलग-अलग क्राफ्ट वर्क भी करवाया गया। इसके साथ ही साथ ही बच्चों द्वारा निर्मित शैक्षणिक एवं रचनात्मक सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसकी अतिथियों एवं अभिभावकों ने सराहना की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं सभी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक किरण ठाकुर, संध्या पैकरा, सरस्वती वर्मा, अजीम प्रेम, कुरैशी मैडम, कुंती यादव, मधु धीवर, कमलेश कुमार साहू, अभिषेक महोबे, शिव कुमार वर्मा, श्रवण कुमार साहू, देवेश कुमार साहू, प्रकाश कुमार सेन, तेजराम साहू एवं सभी बच्चें उपस्थित रहे। अंत में सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।



## पेज 11 के शेष

### ढाबे में अवैध...

अवैध शराब बेचते हुए पकड़ा गया।

**आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई:** पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना सिमगा में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है।

**समाधान सेल बन रहा मददगार:** पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, सूचना या शिकायत के लिए समाधान सेल के हेल्पलाइन नंबर पर व्हाट्सएप या कॉल के जरिए जानकारी दें। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। समाधान सेल के माध्यम से जिले में आपराधिक तत्वों पर नकेल कसने में पुलिस को लगातार बड़ी सफलता मिल रही है।

### 15 हितग्राहियों को...

मिला है। कार्यक्रम में सरपंच हरीश कुमार फेकर, उपसरपंच धनेश वर्मा, पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा, पूर्व उपसरपंच ओंकार साहू, पंच चित्ररेखा साहू, ललिता फेकर, लीलावती वर्मा, दुर्गेश्वरी साहू, मधु साहू, संतोषी, देवकी बाई साहू, भारती वर्मा, करण साहू, काशीराम साहू, उर्मिला धीवर, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं पंचायत कर्मचारी उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ ने धरना देकर ज्ञापन सौंपा

**भाटापारा।** निपनिया छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ ने मध्यप्रदेश संयुक्त फेडरेशन द्वारा अपनी 14 सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए धरना प्रदर्शन किया और राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश बलौदाबाजार को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष प्रकाश जाधव के नेतृत्व में घनश्याम पटेल, तारण सिंह ठाकुर, सिमगा अध्यक्ष विशेषर पाल, कोमल वर्मा, राधेश्याम पटेल, एमएल बंजारे, सोनचंद वर्मा एवं पेंशनर साथी उपस्थित थे।

### त्रिवेदी परिवार की वरिष्ठ सदस्य पुष्पा त्रिवेदी का निधन

**बलौदाबाजार।** शहर के प्रतिष्ठित त्रिवेदी परिवार की वरिष्ठ सदस्य एवं स्व. डॉ. महेश चंद्र त्रिवेदी की पत्नी पुष्पा त्रिवेदी का 23 अप्रैल की रात निधन हो गया। उनके निधन से परिवार सहित नगर में शोक है।



परिजनों के अनुसार श्रीमती त्रिवेदी का अंतिम संस्कार मध्यप्रदेश के सिवनी में विधि-विधान के साथ संपन्न किया गया। वे डॉ. सलिल त्रिवेदी, डॉ. समीर त्रिवेदी एवं स्वाति त्रिवेदी की माताजी थीं। साथ ही प्रकाश चंद्र त्रिवेदी, शैलेश नितिन त्रिवेदी, अमित रंजन, निखिलेश चंद्र त्रिवेदी एवं अखिलेश चंद्र त्रिवेदी की चाची थीं। पुष्पा त्रिवेदी के निधन पर परिजनों, रिश्तेदारों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

## निधन

### सरोज भारद्वाज

**बलौदाबाजार।** शहर के पं.



चक्रपाणि हाई स्कूल के सामने निवासी बीपी भारद्वाज की पत्नी सरोज भारद्वाज का गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार, रिश्तेदारों एवं परिचितों में शोक व्याप्त है। श्रीमती भारद्वाज का अंतिम संस्कार 24 अप्रैल को रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में किया गया। वे मीनू, मनोज एवं मृदुल भारद्वाज की माताजी थीं। सरोज भारद्वाज के निधन पर नगर के गणमान्य नागरिकों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

### सुखराम वर्मा

**बंगोली।** ग्राम मूरा निवासी



सुखराम वर्मा 87 वर्ष का निधन 23 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। वे तुलसी राम वर्मा, अनुज वर्मा, बालाराम वर्मा एवं कुन्दन वर्मा, तुलसा वर्मा एवं कुंती वर्मा के पिता तथा नीरज, मनोज, रुपेन्द्र, जागेश, विवेक, उमेश, डिगेश्वरी, पिंकी वर्मा के दादा थे।

# तप से ही मनुष्य को प्राप्त होती हैं सिद्धियां: पं. सुरेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

इस सृष्टि का आधार तप है, तप से ही मनुष्य जीवन में सब कुछ प्राप्त करता है। तप कर ही सोना कुंदन बनता है। तप से ही बड़े-बड़े ऋषि-मुनियों ने सिद्धियां प्राप्त की। तप के माध्यम से ही विद्यार्थी जीवन में ज्ञान की प्राप्ति करता है। उक्त बातें बजरंग चौक ग्राम पचरी में समस्त देवांगन परिवार द्वारा आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान कथावाचक पं. सुरेश कुमार शर्मा ने कही। कथा के तीसरे दिन कथा प्रसंग में कथावाचक ने कपिल जन्म, सती कथा और ध्रुव चरित्र की कथा का विस्तार से वर्णन किया। ध्रुव चरित्र की प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि सतयुग के दौरान अवधपुरी में राजा उत्तानपद राज किया करते थे।

## माता पार्वती की तपस्या और भगवान शिव का दिव्य विवाह



### बारात और पार्वती विवाह का भावपूर्ण वर्णन

कथा व्यास ने बताया कि माता पार्वती ने कठोर तपस्या कर भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने विवाह का वरदान दिया। विवाह प्रसंग में देवताओं, ऋषि-मुनियों और गणों की उपस्थिति का भी वर्णन किया गया। भगवान शिव की अद्भुत बारात, जिसमें भूत, प्रेत, गण और विचित्र वेशभूषा वाले शिवगण शामिल थे। कथावाचक ने माता पार्वती के साथ भगवान शिव के विवाह को शिव-शक्ति के मिलन और सृष्टि के संतुलन का प्रतीक बताया। इस दौरान कथा स्थल पर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। बता दें कि 21 से 29 अप्रैल तक आयोजित हो रही भागवत कथा का रसपान करने गांव सहित आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में रसिक श्रोतागण पहुंच रहे हैं। राम अवतार पत्नी हिरौदी देवानंद द्वारा यह भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जो लगातार 9 दिन तक दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक जारी है।

उनकी बड़ी रानी का नाम सुनीति था और उनकी कोई संतान नहीं थी। देवर्षि नारद रानी को बताते हैं कि यदि तुम दूसरी शादी करवाओगी तो संतान प्राप्त होगी। रानी अपनी छोटी बहन सुरुचि की शादी राजा से करवा देती है। कुछ समय बाद सुरुचि को एक संतान की उत्पत्ति होती है। जिसका नाम उत्तम रखा। उसके कुछ दिनों के बाद बड़ी रानी भी एक बालक ध्रुव को जन्म देती है। 5 वर्ष बाद जब राजा उत्तम का जन्म दिन मना रहे थे तो बालक ध्रुव भी बच्चों के साथ खेलता हुआ उनकी गोद में बैठ गया, जिस पर सुरुचि उठा देती है और उसे कहती है कि यदि अपने पिता की गोद में बैठना है तो अगले जन्म तक इंतजार कर। सती कथा सुनाते हुए उन्होंने आगे कहा कि किसी से भेदभाव नहीं करना चाहिए और प्रभु की भक्ति में कोई विघ्न नहीं डालना चाहिए।

## मौसम : सेहत के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता

# लू का प्रकोप जारी, दोपहर में सुनी हो रहीं सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

दिनों दिन सूर्य अपने तेवर दिखाने लगा है। रोजाना तापमान में वृद्धि देखने को मिल रही है। सुबह से ही भीषण गर्मी के प्रकोप में लगातार वृद्धि हो रही है। इन दिनों तापमान 42 डिग्री सेल्सियस को पार कर रहा है, इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसका प्रभाव सड़कों पर भी दिखने लगा है। दोपहर के समय में लोगों की आवाजाही कम हो गई है। वहीं, न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। आगामी दिनों तापमान में वृद्धि का क्रम जारी रहने की संभावना है। बदलते मौसम के कारण इस भीषण गर्मी के चलते मौजूदा समय में लोग पसीने से तरबतर दिखाई देने लगे हैं।

न्यूनतम तापमान कम होने से अब तक शाम को गर्मी से काफी राहत रही, लेकिन दिन में गर्मी से लोगों के पसीने छूट रहे हैं। तेज धूप के कारण लोगों ने घरों से बाहर निकलने से परहेज किया जाने लगा है, इससे दोपहर के समय शहर की मुख्य सड़कें, मार्ग व बाजार दोपहर में वीरान नजर आए। अधिकांश दुकानों पर दिन में व्यापारी खाली बैठे रहे।



### पारंपरिक भारतीय शीतल पेय ले

गर्मी से बचने के लिए भारतीय पेय न केवल स्वास्थ्य के लिए अपितु जेब के लिए भी सही सिद्ध होते हैं। गर्मी दूर करने का सबसे अच्छा तरीका है, नीबू पानी, जो न केवल स्वास्थ्य वर्धक है बल्कि हर घर में असानी से उपलब्ध हो जाता है। सत्तू भी घर पर ही तैयार होने वाला ठंडा पेय है, इसे सुबह के वक्त पी लिया जाए तो सारा दिन तरावट बनी रहती है। ऊर्जा से भरपूर शीतल के पदार्थ जो घर में ही दही से बना सकते हैं, जैसे छाछ, लस्सी, रायता इत्यादी। गर्मी के इस मौसम में बेल का शर्बत भी काफी लाभदायक होता है।

### नीबू शिकंजी पीए

उमस भरी और चिलचिलाती गर्मी में नीबू शिकंजी पीने से हम खुद को तरोताजा महसूस करते हैं वहीं दूसरी ओर नीबू शिकंजी हमारी सेहत के लिए भी काफी लाभदायक होती है। नीबू शिकंजी हमारे शरीर में पानी की कमी नहीं होने देती, इससे शरीर में नमी बरकरार रहती है। नीबू शिकंजी से हाजमा तथा पेट साफ रहता है एवं डाईजेशन नियंत्रित रहता है। गर्मी में तले हुए पदार्थों से परहेज रखना चाहिए।

### भीषण गर्मी में बच्चों की सेहत का रखें ख्याल

विशेषज्ञ डॉक्टरों का कहना है कि, गर्मी के इस मौसम में नौनिहाल बच्चों की सेहत का ख्याल रखना बेहद आवश्यक है। बच्चों को तेज धूप में न निकलने दें, अति आवश्यक हो तो बच्चों के शरीर को गमछे आदि से ढककर ले जाएं। बाजार की तली हुई खाद्य सामग्री से परहेज करें। बच्चों को अधिक से अधिक पानी पिलाएं व स्वयं भी पिएं। बर्फ की कुल्फी तथा केमिकल युक्त शेक से दूरी बनाएं। पानी के साथ-साथ छाछ, आम का पना, शुद्ध दही से बनी लस्सी तथा मौसमी फलों एवं ग्लूकोज आदि का सेवन करना चाहिए, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो सके। गर्मी से बचाव के लिए कोल्ड ड्रिंक्स अथवा आर्टिफिशियल शुगर वाले ड्रिंक्स से बचना चाहिए।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व साल भर मनेगा



**बलौदाबाजार।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष का आयोजन इस वर्ष 11 जनवरी से 11 जनवरी 2027 तक किया जा रहा है। इस अवधि के लिये एक वर्षव्यापी राष्ट्रीय स्मरणोत्सव के रूप में केन्द्र और राज्य सरकार की समन्वित भागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में 11 मई को सोमनाथ में एक विशेष राष्ट्रीय शिखर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिले में मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण और सभाओं के आयोजन के लिए सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।वर्षव्यापी कार्यक्रम अंतर्गत तीर्थ यात्रियों और श्रद्धालुओं की भागीदारी एवं गतिविधियों का आयोजन ग्राम पंचायत, ब्लॉक और तहसीलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। विद्यालय, महाविद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

# नगर में गौशाला शेड सहित अनेक कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल/सेल

नगर के समग्र एवं सतत विकास की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण पहल की गई। नगर अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने अपने कार्यकाल के द्वितीय वर्ष में विकास कार्यों को नई गति देते हुए हडहा चौक वार्ड क्रमांक 07 में बाजार शेड निर्माण वार्ड क्रमांक 6 में गौशाला के अंदर एवं बाहर शेड निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 7 में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण जैसे विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया।

- अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने रखी विकास की नींव

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि नगर का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि इन कार्यों के माध्यम से न केवल आम नागरिकों को सुविधाएं मिलेंगी बल्कि व्यापारियों पशुपालकों और यात्रियों को भी विशेष लाभ पहुंचेगा। उन्होंने यह भी कहा कि गौशाला में शेड निर्माण से पशुओं को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण मिलेगा जिससे उनकी देखभाल बेहतर तरीके से हो सकेगी साहू ने आगे कहा कि हमारा लक्ष्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं बल्कि नगर को एक सुव्यवस्थित, स्वच्छ और सुविधायुक्त क्षेत्र के रूप में विकसित करना है। प्रत्येक वार्ड में आवश्यकता के अनुसार विकास कार्य किए जा रहे हैं ताकि हर नागरिक को समान रूप से लाभ मिल सके। जनसेवा ही हमारा संकल्प है और इसी भावना के साथ हम निरंतर कार्य करते रहेंगे।

इन सभी विकास कार्यों की कुल स्वीकृत राशि 38.15 लाख है जो नगर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# नगर में ई-केवाईसी कराने बड़ी संख्या में पहुंच रहीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हितग्राहियों की पहचान सत्यापन के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया जिले में 3 अप्रैल से शुरू हुई है। लवन नगर में प्रत्येक वार्डों में कैम्प लगाकर ई केवाईसी महतारियों का किया जा रहा है। लवन ब्लाक परियोजना अधिकारी चंद्रहास साहू ने बताया कि ई-केवाईसी अनिवार्य प्रक्रिया है, जिसके पूरा होने पर ही लाभार्थियों को आगामी किस्तों का भुगतान नियमित रूप से मिल सकेगा। ई-केवाईसी 3 अप्रैल से 30 जून तक चलेगा। हितग्राही निर्धारित समय के भीतर सत्यापन अवश्य कराएं, ताकि योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो सके। कंप्यूटर ऑपरेटर दिनेश कात्रे ने कहा कि हम लोग सुबह 7 बजे से दोपहर 2: 50 तक महतारियो का ई केवाईसी काम कर रहे हैं। नगर के महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंच अपनी ई केवाईसी करा रही है वहीं आंगन बाड़ी कार्यकर्ता हर संभव मदद कर रही है।



### ई-केवाईसी में नाम मिलान जरूरी

उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी के लिए महतारी वंदन योजना में दर्ज नाम और आधार कार्ड में लिखा नाम पूरी तरह मेल होना चाहिए। कई बार वर्तनी की छोटी-छोटी त्रुटियों के कारण सत्यापन प्रक्रिया बाधित हो जाता है। इसलिए सभी हितग्राहियों को पहले अपने निकटतम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर योजना में दर्ज नाम का आधार कार्ड से मिलान करने को कहा है। यदि नाम में किसी प्रकार की गलती मिलती है, तो लाभार्थियों को शीघ्र ही महिला एवं बाल विकास विभाग में नाम संशोधन के लिए आवेदन जमा करना होगा, ताकि समय रहते सुधार किया जा सके और ई-केवाईसी में कोई समस्या न आए।

# खरोरा में ओल्ड इज गोल्ड समिति ने शुरू किया शीतल प्याऊ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



भीषण गर्मी के मद्देनजर ओल्ड इज गोल्ड समिति द्वारा राहगीरों एवं आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से शीतल प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, अनिल सोनी सांसद प्रतिनिधि, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद मनीषा कौशले, राहुल मरकाम एवं जयप्रकाश वर्मा ने भी अपनी सहभागिता निभाई। अतिथियों द्वारा शीतल पेयजल व्यवस्था का विधिवत शुभारंभ किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोगों को ठंडा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा, जिससे राहगीरों को राहत मिल सके। कार्यक्रम में ओल्ड इज गोल्ड समिति के सदस्य सी.आर. निमतरिहा, जीवन लाल साहू, खीक राम साहू, सुरेंद्र कुमार वर्मा, दयाशंकर वर्मा, नरेंद्र कुमार साहू, मनहरण वर्मा, माधव सिरमौर, रामदयाल वर्मा, अशोक कुमार साहू, डी.के. तिवारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## जिला किसान कांग्रेस जंबो कार्यकारिणी घोषित

**पलारी।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा राष्ट्रीय प्रभारी अखिलेश शुक्ला, प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु, महासचिव मनोज नचर, अखिल हुसैन, संभाग प्रभारी दीपक पांडे के अनुशंसा पर जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सरजू प्रसाद घृतलहरे ने अपनी जंबो कार्यकारिणी घोषित की है जिसमें ओम प्रकाश घृतलहरे, युधिष्ठिर नायक, चूड़ामणि गायकवाढ, दिनेश कुमार साहू, देवनारायण वर्मा, सनत वर्मा सहित 29 लोगों को उपाध्यक्ष नियुक्त किया है, वही गणपत पटेल, नरेश साहू, कुंदन लाल साव, वेद प्रकाश वर्मा, जगउ राम पटेल, मेघनाथ यादव, जगमोहन निषाद, चेतन पुरेना सहित 37 महामंत्री बनाए गए हैं , 27 सचिव बनाए गए हैं 6 प्रवक्ता शामिल है, एक कोषाध्यक्ष, पांच लोगों को सरक्षक बनाया गया है, 6 को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौपी गई है । वही घनश्याम वर्मा सहित नौ ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति की है तथा टीम में 112 लोगों को कार्यकारिणी में जगह दी गई है।






online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411


## राष्ट्रीय पंचायती दिवस पर महिलाओं का किया सम्मान

# टेहका पंचायत ने ली जल संचयन की शपथ और महिलाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

ग्राम पंचायत टेहका में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ सरपंच ललिता नारायण जोगी ने किया।

कार्यक्रम में सरपंच ललिता नारायण जोगी ने कहा गांव का समग्र विकास पंचायत के बिना संभव नहीं है। पंचायती राज व्यवस्था हमारे लोकतंत्र की नींव है, जो की जन-जन एवं शासन की भागीदारी सुनिश्चित करती है। पूर्व स्टेशन मास्टर मन्नू लाल यादव ने कहा पंचायती राज दिवस के बारे में जानकारी दी। पंचायत सचिव बलराम साहू ने लोगों को जल संचयन की शपथ दिलाई और पंचायती राज अधिनियम की जानकारी दी। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि नारायण जोगी, पूर्व स्टेशन मास्टर मन्नू लाल यादव, पूर्व सरपंच रोहित साहू, पंच हेमंत ध्रुव, किसान मित्र खूबी राम साहू, नागरिकगण, खेम सिंग ध्रुव, प्रहलाद ध्रुव, लखन ध्रुव, शाखाराम साहू, हरिराम पटेल, प्रभु लाल साहू सक्रिय महिला अनसुईया साहू, पूर्णिमा साहू,रेणुका यादव, गांव के मितानिन, जमना बाई, सावित्री पाटे, सीताबाई, गांव के नगरीकरण और मीडिया प्रकोष्ठ नंदु साहू उपस्थित थे।




एजेन्सी देना है
हरिभूमि
हरिभूमि
समाचार पत्र बलौदाबाजार
जिला के अंतर्गत
कसडोल, अमेरा
में संवाददाता नियुक्ति करना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
संपर्क - हरिभूमि कार्यालय
अंबेडकर चौक, बलौदाबाजार (छ.ग.)
मो. 9926204007, 8370049468